Harvard University
Urdu 102: Intermediate Urdu-Hindi

# शोले

Part 3

ठाकुर बलदेव सिंह के घर में ठाकुर साहब और जेलर फिर से दिखाई देते हैं।

ठाकुर बलदेव सिंह - वे बदमाश हैं, लेकिन बहादुर हैं। ख़तरनाक हैं, इसलिये कि लड़ना जानते हैं। बुरे हैं, मगर इंसान हैं। जेलर साहब। क्या इन दोनों को आप मेरे लिये ढूँढ सकते हैं?

जेलर - अगर आजकल (वे) किसी जेल में हैं तो आसानी से मिल जाएँगे। और अगर कहीं बाहर हैं, तो ऐसे लोगों का कोई ठिकाना तो होता नहीं।

*********************************************************************

जय और वीरू किसी की मोटरसाइकिल की चोरी करके भागते हुए दिखते हैं। जिस की मोटरसाइकिल है, वह उनके पीछे दौड़ता है पर दोनों भाग निकलते हैं।

गाना

यह दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ ना छोड़ेंगे। x2
अरे मेरी जीत तेरी जीत, तेरी हार मेरी हार
सुन ऐ मेरे यार।
तेरा ग़म मेरा ग़म मेरी जान तेरी जान
ऐसा अपना प्यार।
जान पे भी खेलेंगे,
तेरे लिये ले लेंगे,
सब से दुश्मनी। x2
यह दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे
तोड़ेंगे दम मगर तेरा साथ ना छोड़ेंगे। x2

लोगों को आते हैं दो नज़र हम मगर देखो दो नहीं।
अरे हों जुदा या ख़फ़ा ऐ ख़ुदा है दुआ ऐसा हो नहीं।
खाना पीना साथ है, मरना जीना साथ है। x2
सारी ज़िंदगी।
यह दोस्ती...

**********************************************************************

अपनी लकड़ी की दुकान में दुकानदार सूरमा भोपाली किसी ग्राहक के साथ सौदा कर रहा है।

ग्राहक - क्या सूरमा भाई, तुम तो और भी लकड़ी कम कर रहे हो।

सूरमा भोपाली - अरे मियाँ, कम नहीं करूँगा तो क्या बढ़ाऊँगा? तराज़ू कह रहा है कि ज़्यादा है और आप कह रहे हैं कि कम कर रहे हो। अरे उठाओ अपनी लकड़ी और निकालो पैसे।

ग्राहक - यह लो दो रुपये का नोट।

सूरमा भोपाली - वह तो मैं भी देख लिया हूँ लेकिन खरा भी है कि नहीं? हाँ, खरा है। बड़ी ख़ुशी की बात है। अच्छा साहब, तो ख़ुदा हाफ़िज़।

ग्राहक - पैसे तो वापस कर दो।

सूरमा भोपाली - पैसे? पैसे पैसे कैसे मांग रहे हो?

ग्राहक - वह नोट तो दो रुपये का था।

सूरमा भोपाली - और यह लकड़ी दो रुपये की है।

ग्राहक - ऐ, दो रुपये में इतनी सी लकड़ी?

सूरमा भोपाली - और नहीं तो क्या दो रुपये में आप सारा जंगल ख़रीदने निकले थे? देखो हाँ, अब बहुत हो गया। अब तो आप यहाँ से रवाना हो जाओ, वरना मेरा नाम भी सूरमा भोपाली ऐसे नहीं है। समझे? चलो।

ग्राहक चलता है। सूरमा भोपाली भी एक इमारत की ओर जाने लगता है।

सूरमा भोपाली - जाने कहाँ कहाँ से आ जाते हैं साले। यह है दो रुपये की लकड़ी नहीं है। अबे जंगल खरीद लिया, दो रुपये में! साले सुबह सुबह दिमाग़ खराब करने चले आते हैं। और इनको

| | |
|---|---|
| | देखो। अरे जान मियाँ, जब देखो आप यह शायरी करते रहते हो। अरे बाहर देखो कि ट्रक से माल उतर रहा है कि नहीं। (वीरू और जय को पीछे से देखता है, लेकिन पहचानता नहीं।) लो लो। अरे भैया। यहाँ कोई तमाशा हो रहा है? ऐ, मुसाफ़िरख़ाना है? कौन हो आप लोग? अह अह अच्छा हाँ, आप लोग यहाँ? |
| वीरू - | (मुड़कर) कैसे हो सूरमा भोपाली? |
| सूरमा भोपाली - | अरे भैया मैं तो आप की दुआ से बिलकुल ख़ैरियत से हूँ। मगर यह कर क्या रहे हो आप लोग? इधर आ जाओ। अरे हाँ, इधर पुलिस ने आप दोनों पर दो हज़ार रुपये का इनाम रक्खा है। अगर किसी ने मुझे देख लिया तो आप के साथ मैं भी लपेट में आ जाऊँगा। आप तो यहाँ से निकलो। |
| जय - | सूरमा भोपाली, हम जेल जाना चाहते हैं। |
| सूरमा भोपाली - | अल्लाह आप की तमन्ना पूरी करें। भोपाल होता तो हम तो भेजते, दो मिनट में आपको अन्दर करा देते। हमारा नाम सूरमा भोपाली ऐसे ही नहीं है। लेकिन यहाँ हमारी क्या ज़रूरत है? यहाँ तो वैसे ही आप के नाम का वॉरंट निकला हुआ है।... |
| जय - | लेकिन हम चाहते हैं कि तुम हमें जेल ले जाओ। |
| सूरमा भोपाली - | क्या कह रहे हो आप? |
| जय - | हम पर दो हज़ार रुपये का इनाम है, वह पूरा तुम्हें मिल जायेगा। |
| वीरू - | और जब हम छूट कर आयें तो उस में से आधा हमें दे देना। समझे? |
| सूरमा भोपाली - | क्या कह रहे हो आप? अरे हाँ मैं तो कह रहा हूँ, पान खा लो आप। (पान का डिब्बा निकाल कर देता है।) ले लो, पान बहुत अच्छा है भैया। बहुत मज़े का पान है। कि न जाने कहाँ से आ जाते हैं। |

*******************************************************************

बहादुर = courageous, brave (adj)
ख़तरनाक = dangerous (adj)
ढूँढना = to search (vt)
आसानी से = easily (adv)
ठिकाना = place, abode (m)
चोरी करना = to steal (vt)
तोड़ना = to break (vt)
दम तोड़ना = to die (break the breath) (vt)
साथ = company (m)
जीत = victory (f)
हार = defeat (f)
यार = friend, lover (m)
ग़म = sorrow (m)
जान = life (f)
प्यार = love (m)
खेलना = to play (vi, vt)
दुश्मनी = enmity (f)
नज़र = sight, vision (f)
जुदा = separate (adj)
ख़फ़ा = angry (adj)
ख़ुदा = God (m)
जीना = to live (vi)
सारा = entire (adj)
लकड़ी = wood (f)
ग्राहक = customer (m)
और भी = even more (adv)
कम करना = to reduce (vt)
तराज़ू = scales (f)
उठाना = to pick up (vt)
खरा = genuine (adj)
ख़ुदा हाफ़िज़ = May God protect you! (Bye)
वापस करना = to return (something) (vt)
मांगना = to demand (vt)
इतना सा = so little (adj)
ख़रीदना = to buy (vt)
सौदा = deal (m)
रवाना होना = to depart (vi)
ऐसे नहीं = for no reason
समझना = to understand (vi, vt)
साला = brother-in-law (term of abuse –bastard) (m)
सुबह सुबह = early morning (adv)
दिमाग़ खराब करना = to spoil my head (vt)
जान मियाँ = Name
शायरी = poetry (f)
माल = goods (m)
उतरना = to descend (vi)
भैया = brother (m)
तमाशा = spectacle (m)
मुसाफ़िरख़ाना = waiting room (m)
अबे = hey
दुआ = prayer (f)
ख़ैरियत से = well (adv)
इधर = here (adv)

पृ० नं० ७ से नं० ९ तक

हज़ार = thousand (adj)
इनाम = reward (m)
रखना = to place (vt)
लपेट = embroilment (f)
अल्लाह = Allah (m)
तमन्ना = wish, desire (f)

पूरा करना = to complete, fulfill (vt)
अन्दर कराना = to send inside (vt)
वरेंट = warrant (m)
वैसे ही = anyway (adv)
छूटना = to leave, depart (vi)
आधा = half (adj)
पान = betel leaf(m)